UPSI180039232023

न्यायालय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Sushri Akshita Singh), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730

मूलवाद सं० Civil Suit/409/2023

**Sarvesh Vs. Maina devi and Others**

20.11.2023

वादी द्वारा **श्री सरोज कुमार यादव एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **निरस्तीकरण बैनामा व स्थाई निषेधाज्ञा** प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

**आदेश**

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 03.01.2024 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।
J.O. Code- UP3730

**प्रार्थना–पत्र 6ग2**

वादी/प्रार्थी द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि वादी व वादी के भाई राजकुमार ने अपनी भूमि सं0 506 रक्बा 0.733 हे0 स्थित ग्राम भण्डिया में से अपने–अपने हिस्से का आधा–आधा अंष अरसा 10 साल पूर्व विपक्षी सं0 1 के हांथ विक्रय किया था तथा वादी को दिसम्बर, 2019 में गृह कार्य संचालन हेतु रूपयों की आवश्यकता पड़ने पर वादी ने गाटा सं0 506 में अपना शेष अंश व्रिय करने हेतु प्रतिवादीगण से सम्पर्क किया जिस पर प्रतिवादीगण सहमत होकर बैनामा कराने वादी को दि0 02.12.2019 को उपनिबन्धक कार्यालय सिधौली लेकर गये किन्तु प्रतिवादीगण ने बदनीयती से गवाहान की साठ–गांठ से गाटा सं0 506 के स्थान पर भूमि गाटा सं0 741 रक्बा 0.177 स्थित ग्राम भण्डिया जो सिधौली–महमूदाबाद रोड के किनारे स्थित है, में वादी के 1/2 भाग का बैनामा गाटा सं0 506 की चौहद्दी अंकित करके बिना वादी की जानकारी के लिखवा लिया। अब प्रतिवादीगण गाटा सं0 741 को अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय कर देना चाहते हैं। अतः उक्त कारणवश प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाये। वादी की ओर से सूची 9ग से 10ग नकल बैनामा, 11ग खतौनी, 12ग ख्सरा, 13ग खतौनी, 14ग खसरा दाखिल की गयी है।

वाद–पत्र के अभिकथनों व दाखिल प्रपत्रों से विदित होता है कि गाटा सं0 741 के सम्बन्ध में प्रतिवादिनी सं0 1 के पक्ष में बैनामा निष्पादित हो चुका है। इस कारण बिना प्रतिवादी/विपक्षीगण को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

**आदेश**

विपक्षी/प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। प्रार्थी पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 19.12.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।
J.O. Code- UP3730

**प्रार्थना–पत्र 8ग2**

प्रार्थी/वादी की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। सूची में नामित अगले कम के अधिवक्ता/कमिश्नर को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। वादी पैरवी करे। बाद पैरवी कमिश्नर नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।
J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Akshita Singh
Date: 2023.11.20 16:27:57 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M.
Mahmudabad, Sitapur.